# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 23/10/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक जार में 45% सिरप वाला मिश्रण है। इस मिश्रण के एक हिस्से को 30% सिरप वाले दूसरे मिश्रण से बदल दिया जाता है। नए मिश्रण में 34% सिरप पाया जाता है। नया मिश्रण प्राप्त करने के लिए इन मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए?

**Ans** A). 4 : 11 B). 3 : 14 C). 7 : 10 D). 5 : 13

**Correct Answer: A**

**Q.2** यदि 156 और 96 का महत्तम समापवर्तक (HCF), 156 × 12 + 96A के प्रारूप में व्यक्त किया जा सकता है, तो A का मान क्या है?

**Ans** A). −19.375 B). 19.735 C). −19.735 D). 19.375

**Correct Answer: A**

**Q.3** 20 m गहरे एक बेलनाकार बर्तन के आंतरिक वक्रपृष्ठ को पेंट करने का खर्च ₹4,400 है। यदि पेंटिंग की दर ₹40 प्रति $m^2$ है, तो उस बर्तन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में) दशमलव के दो स्थानों तक सही ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)।

**Ans** A). 117.81 $m^2$ B). 116.81 $m^2$ C). 114.81 $m^2$ D). 115.81 $m^2$

**Correct Answer: C**

**Q.4** एक दुकानदार, एक वस्तु पर खरीदारों के लिए निम्नलिखित चार अलग-अलग छूट योजनाएं प्रदान करता है।

A. 8% की दो क्रमागत छूट
B. 11% की छूट के बाद 5% की छूट
C. 13% और 3% की क्रमागत छूट
D. 16% की छूट

यदि राजीव इस दुकान से न्यूनतम मूल्य पर वस्तु खरीदना चाहता है, तो उसे किस छूट योजना का चयन करना होगा?

**Ans** A). C B). B C). D D). A

**Correct Answer: C**

**Q.5** एक वस्तु की कीमत 40% कम हो जाती है और इसकी बिक्री 80% बढ़ जाती है। आमदनी पर इसका निवल प्रभाव ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 10% कमी B). 10% वृद्धि C). 8% वृद्धि D). 8% कमी

**Correct Answer: C**

**Q.6** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 66 kg और 36 kg वजन वाले पांच सदस्यों के एक परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा?

**Ans** A). 48.4 B). 51.4 C). 50.4 D). 49.4

**Correct Answer: D**

**Q.7** एक निश्चित धनराशि पर समान ब्याज दर पर 12 वर्ष के लिए अर्जित साधारण ब्याज और 15 वर्ष के लिए अर्जित साधारण ब्याज का अनुपात क्या होगा?

**Ans** A). 2 : 5 B). 2 : 3 C). 4 : 5 D). 3 : 4

**Correct Answer: C**

**Q.8** स्थिर जल में एक नाव की चाल 12 km/h है और धारा 3 km/h की चाल से बह रही है। नाव में धारा के अनुकूल 24 मिनट में तय की गई दूरी कितनी है?

**Ans** A). 7 km B). 5 km C). 6 km D). 4 km


**Correct Answer: C**

**Q.9** 4 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 720 B). 760 C). 660 D). 680

**Correct Answer: A**

**Q.10** दिया गया बार ग्राफ वर्ष 2013 से 2017 के दौरान किसी देश द्वारा इस्पात के आयात और निर्यात (₹ करोड़ में) को दर्शाता है।




वर्ष 2013, 2015 और 2017 में हुआ कुल आयात, सभी वर्षों में मिलाकर हुए निर्यात का कितना प्रतिशत है (दशमलव के एक स्थान तक सही)?

**Ans** A). 53.8% B). 52.4% C). 51.6% D). 54.7%

**Correct Answer: B**

**Q.11** निधि ने अपना स्कूटर ₹80442 में बेचा, जिससे उसे विक्रय मूल्य के $\frac{1}{6}$ भाग के बराबर लाभ प्राप्त हुआ। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 10% B). 35% C). 15% D). 20%

**Correct Answer: D**

**Q.12** दी गई तालिका तीन वर्षों के दौरान तीन संगठनों में कर्मचारियों की संख्या को दर्शाती है।

| वर्ष / संगठन | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|
| L | 1421 | 1230 | 1652 |
| M | 1459 | 1825 | 1740 |
| N | 1620 | 1125 | 1235 |

2015 में संगठन L और M में मिलाकर कर्मचारियों की कुल संख्या और 2017 में संगठन M और N में मिलाकर कर्मचारियों की कुल संख्या के बीच क्रमशः अनुपात (respective ratio) क्या है?

**Ans** A). 295 : 376 B). 595 : 576 C). 576 : 595 D). 376 : 295

**Correct Answer: C**

**Q.13** यदि 9 के पहले 15 गुणजों का औसत x है, तो x का मान कितना है?

**Ans** A). 68 B). 72 C). 114 D). 78

**Correct Answer: B**

**Q.14** रीना ₹900 में एक आयरन खरीदती है और उसे 12% हानि पर बेचती है। आयरन का विक्रय मूल्य कितना है?

**Ans** A). ₹825 B). ₹763 C). ₹792 D). ₹658

**Correct Answer: C**

Q.15 एक छात्र पहले तीन महीनों में प्रति माह औसतन ₹4,000 बचाता है। उसे अगले 9 महीनों तक प्रति माह औसतन कितनी बचत (₹ में) करनी चाहिए ताकि पूरे वर्ष में प्रति माह औसतन बचत ₹4,375 हो?

Ans A). 4187.5 B). 4200 C). 4000 D). 4500

Correct Answer: D

Q.16 2 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 420 B). 440 C). 520 D). 480

Correct Answer: D

Q.17 35 cm त्रिज्या वाले एक धातु के गोले को पिघलाया जाता है और बाद में कई छोटे-छोटे ठोस शंकुओं में ढाला जाता है, जिनमें से प्रत्येक का व्यास 14 cm और ऊंचाई 4 cm है। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप कितने शंकु बनते हैं?

Ans A). 900 B). 825 C). 875 D). 850

Correct Answer: C

Q.18 यदि एक कार की चाल 81 km/hr है। तो कार द्वारा 24 सेकंड में तय की गई दूरी कितनी है?

Ans A). 540 मीटर B). 270 मीटर C). 280 मीटर D). 560 मीटर

Correct Answer: A

Q.19 एक अर्द्धगोलाकार कटोरा 1 cm मोटे तांबे से बना है। कटोरे की **आंतरिक** त्रिज्या 6 cm है। यदि पेंट करने की लागत Rs.2 प्रति $cm^2$ है तो कटोरे के **बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल** को पेंट करने की लागत ज्ञात करें। ($\pi = \frac{22}{7}$ लें)

Ans A). Rs.552 B). Rs.586 C). Rs.604 D). Rs.616

Correct Answer: D

Q.20 गेहूँ की कीमत और चावल की कीमत का अनुपात 9 : 11 है, जबकि घरेलु खपत (गेहूँ और चावल की) का अनुपात 11 : 13 है। गेहूँ और चावल पर खर्च के अनुपात का परिकलन कीजिए।

Ans A). 7 : 13 B). 13 : 7 C). 9 : 13 D). 13 : 9

Correct Answer: D


## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
JLF, KOI, LRL, MUO, ?

Ans A). OYR B). NXR C). MXT D). NRY

Correct Answer: B

Q.2 दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans A).  B).  C).  D). 

Correct Answer: B

Q.3 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
- सभी झीलें, नदियां हैं।
- सभी नदियां, बांध हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ बांध, झीलें हैं।
(II) सभी नदियां, झीलें हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Correct Answer: A

Q.4 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई कौआ, तोता नहीं है।
कोई तोता, गौरैया नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई कौआ, गौरैया नहीं है।
(II) कोई तोता, कौआ नहीं है।

Ans A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

D). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

Correct Answer: C

Q.5 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MOBILE' को '789410' लिखा जाता है और 'PINK' को '2358' लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'I' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). 8 B). 2 C). 5 D). 3


Correct Answer: A

Q.6 एक निश्चित कूटभाषा में, 'BASE' को '2416' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SOUP' को '3719' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?


Ans A). 2 B). 3 C). 6 D). 1


Correct Answer: D


Q.7 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।





Ans

A). 


B). 

C). 


D). 


Correct Answer: D


Q.8 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: D

**Q.9** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 10, 99 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 14, 195 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 22, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 453 B). 463 C). 473 D). 483

**Correct Answer: D**

**Q.10** PUQV, अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से RWSX से संबंधित है। उसी तरीके से JOKP, LQMR से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MRNS निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). OTPU B). TOPU C). OTUP D). TOUP

**Correct Answer: A**

**Q.11** छः छात्र अमित, शिवम, दिनेश, कमलेश, निहार और रोशन एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। अमित, शिवम के ठीक दाएँ बैठा है। दिनेश, शिवम के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। निहार, दिनेश और रोशन दोनों का निकटतम पड़ोसी है। रोशन के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

**Ans** A). निहार B). शिवम C). अमित D). कमलेश

**Correct Answer: D**

**Q.12** JA 88 एक निश्चित प्रकार से OF 77 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार DT 55, IY 44 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए LH 33 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). OS 22 B). NU 25 C). QM 22 D). XD 77

**Correct Answer: C**

**Q.13** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '−' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए और '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए?

7 + 5 ÷ 4 + 5 ÷ 36 − 4 × 7 = ?

**Ans** A). 13 B). 15 C). 31 D). 53

**Correct Answer: A**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'find this clue' को 'ak dh fk' के रूप में लिखा जाता है और 'clue for you' को 'sg fk bo' के रूप में लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'clue' को कैसे लिखा गया है?

**Ans** A). ak B). dh C). fk D). sg

**Correct Answer: C**

**Q.15** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G के दाएँ से गिनती करने पर G और A के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। E के दाएँ से गिनती करने पर E और D के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। E, A का निकटतम पड़ोसी है। C के बाएँ से गिनती करने पर B और C के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं।
B के सापेक्ष में F का स्थान क्या है?

**Ans** A). बाएँ से दूसरा B). दाएँ से दूसरा C). बाएँ से तीसरा D). दाएँ से तीसरा

**Correct Answer: A**

**Q.16** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13 21 33 49 ? 93

**Ans** A). 69 B). 74 C). 79 D). 82


**Correct Answer: A**

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BUYS' को '5173' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'YOLK' को '6458' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'Y' के लिए कूट क्या है?


**Ans** A). 8 B). 6 C). 7 D). 5


**Correct Answer: D**


**Q.18** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.19** निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$14 + 18 - 6 \times 15 \div 24 = 35$

**Ans** A). − और +  B). ÷ और ×  C). + और ×  D). − और ÷

**Correct Answer: D**

---

**Q.20** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। निम्न में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई समान संक्रिया का अनुसरण करता है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(21, 10)
(87, 43)

**Ans** A). (55, 21)  B). (18, 7)  C). (25, 9)  D). (27, 13)

**Correct Answer: D**

---

## Section : General Awareness

**Q.1** दीवान-ए-आम (Diwan-i-Am), जिसमें पिएट्रा ड्यूरा शैली (pietra dura work) के सुंदर पैनलों से सुसज्जित संगमरमर की छतरी है, किस स्मारक का हिस्सा है?

**Ans** A). ताज महल  B). बीबी का मकबरा  C). लाल किला  D). हुमायूँ का मकबरा

**Correct Answer: C**

---

**Q.2** 'अलारिप्पु (Alarippu)' निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली का प्रथम नृत्य पद (dance item) है?

**Ans** A). भरतनाट्यम  B). कुचिपुड़ी  C). ओडिसी  D). कथकली

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** विश्व प्रसन्नता सूचकांक (World Happiness Index) 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश ने सर्वोच्च रैंक हासिल की?

**Ans** A). बांग्लादेश  B). श्रीलंका  C). नेपाल  D). पाकिस्तान

**Correct Answer: C**

---

**Q.4** फरवरी 2024 तक के तथ्यानुसार, निम्नलिखित में से कौन केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग (Ports, Shipping and Waterways) मंत्री है?

**Ans** A). प्रह्लाद जोशी (Prahlad Joshi)  B). हरदीप सिंह पुरी (Hardeep Singh Puri)  C). सर्बानंद सोनोवाल (Sarbananda Sonowal)
D). गिराज सिंह (Giraj Singh)

**Correct Answer: C**

---

**Q.5** भारत में सकल घरेलू उत्पाद का आकलन करते समय निम्नलिखित में से किसे अंतिम वस्तु के रूप में मान्यता दी जाती है?

a. एक घर में रोटी बनाने के लिए खरीदा गया गेहूँ
b. एक होटल में रोटी बनाने के लिए खरीदा गया गेहूँ
c. एक घर में चाय बनाने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला टी बैग
d. विश्वविद्यालय छात्रावास कैंटीन में चाय बनाने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला टी बैग

**Ans** A). केवल b और c  B). केवल b और d  C). केवल a और c  D). केवल a और b

**Correct Answer: C**

**Q.6** भारतीय संविधान में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द ________ संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में जोड़ा गया था।

Ans A). 48वें  B). 42वें  C). 46वें  D). 44वें

Correct Answer: B

**Q.7** हरिहरन (Hariharan) को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2004 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था?

Ans A). खेल (Sports)  B). कला - संगीत (Art - Music)  C). सिविल सेवा (Civil Service)  D). चिकित्सा (Medicine)

Correct Answer: B

**Q.8** 2011 की जनगणना भारत में आयोजित _________ आधिकारिक सर्वेक्षण थी।

Ans A). 16 वीं  B). 18 वीं  C). 14 वीं  D). 15 वीं

Correct Answer: D

**Q.9** वायुमंडलीय तापमान, सामान्यतः ऊँचाई (altitude) के साथ घटता जाता है, लेकिन कभी-कभी यह घटना क्षोभमंडल (troposphere) में उलटी हो जाती है। इस घटना को ________ कहा जाता है।

Ans A). तापमान व्युत्क्रमण (Temperature Inversion)  B). तापमान संवहन (Temperature Convection)  C). ग्लोबल वार्मिंग (Global Warming)  D). रूद्धोष्म ह्रास-दर (Adiabatic Lapse Rate)

Correct Answer: A

**Q.10** संविधान को अपनाने के साथ ही भारत ने कब स्वयं को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतंत्र राज्य घोषित किया?

Ans A). 2 अक्टूबर 1949  B). 26 जनवरी 1950  C). 14 नवंबर 1952  D). 15 अगस्त 1947

Correct Answer: B

**Q.11** प्रसिद्ध उपन्यास 'द हाउस ऑफ ब्लू मैंगोज़ (The house of blue mangoes)' _______द्वारा लिखा गया है।

Ans A). रोमिला थापर (Romila Thapar)  B). डेविड डेविडार (David Davidar)  C). शशि थरूर (Shashi Tharoor)  D). अनीस सलीम (Anees Salim)

Correct Answer: B

**Q.12** निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने 1876 में बंबई में 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की?

Ans A). गणेश अगरकर  B). बाल गंगाधर तिलक  C). आत्माराम पांडुरंग  D). गोपाल हरि देशमुख

Correct Answer: C

**Q.13** यदि किसी विशिष्ट भोजन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (Glycemic Index - GI) 70 से 100 तक है, तो वह किस प्रकार का भोजन है?

Ans A). मध्यम-जीआई भोजन  B). निम्न-जीआई भोजन  C). उच्च-जीआई भोजन  D). अत्यधिक निम्न-जीआई भोजन

Correct Answer: C

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन से कथन डाल्टन के परमाणु सिद्धांत की सही अवधारणाएँ हैं?
A. सभी पदार्थ परमाणुओं से बने हैं। ये परमाणु रासायनिक अभिक्रियाओं में भाग लेते हैं।
B. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान परमाणुओं का निर्माण या विनाश हो सकता है।
C. अलग-अलग तत्वों के परमाणु द्रव्यमान और रासायनिक गुण भिन्न-भिन्न होते हैं।
D. यौगिक पूर्ण या भिन्नात्मक संख्याओं के अनुपात में परमाणुओं का संयोजन हैं।
E. किसी यौगिक में सदैव परमाणुओं की सापेक्ष संख्या और प्रकार निश्चित होते हैं।

Ans A). B, D, E  B). A, B, D  C). A, C, E  D). B, C, D

Correct Answer: C

**Q.15** भारतीय संविधान के अनुसार, प्रत्येक राज्यपाल, अपने पद को धारण करने से पहले, ________ की उपस्थिति में शपथ लेगा और हस्ताक्षर करेगा।

Ans A). भारत के मुख्य न्यायाधीश  B). मुख्यमंत्री  C). राष्ट्रपति  D). उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Correct Answer: D

**Q.16** इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित हुए एशियाई खेल (Asian Games) _________ के फाइनल मैच में, भारत ने फुटबॉल में दक्षिण कोरिया को 2-1 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

Ans A). 1970  B). 1962  C). 1958  D). 1966

Correct Answer: B

**Q.17** निम्नलिखित में से किस पुर्तगाली यात्री ने कृष्णदेवराय के शासनकाल में विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की थी?

Ans A). लुडोविको डी वर्थेमा (Ludovico de Varthema)  B). डोमिंगो पायस (Domingo Paes)  C). अथानासियस निकितिन (Athanasius Nikitin)  D). निकोलो डी कोंटी (Nicolo de Conti)

Correct Answer: B

**Q.18** बैडमिंटन में, नेट (net) को केंद्र में भूमि से कितनी ऊँचाई पर लगाया जाता है?

Ans A). 5.5 फीट  B). 6 फीट  C). 4 फीट  D). 5 फीट

Correct Answer: D

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में रबी की ऋतु में उगाई जाने वाली एक फसल है?

Ans A). गेहूँ  B). मक्का  C). सोयाबीन  D). चावल

Correct Answer: A

**Q.20** फरवरी 2023 में भारत का दौरा करने वाले जर्मनी के चांसलर (German Chancellor) का नाम क्या है?

**Ans** A). विली ब्रांट (Willy Brandt) B). विल्हेम स्टाइनबर्ग (Wilhem Steinberg) C). एंजेला मर्केल (Angela Markel) D). ओलाफ स्कोल्ज़ (Olaf Scholz)

**Correct Answer: D**

**Q.21** 1905 में हिंदुओं और मुसलमानों ने अपनी एकता और _________ के खिलाफ अपना विरोध दिखाने के लिए एक-दूसरे के हाथों पर 'राखी' बाँधी।

**Ans** A). पंजाब के विभाजन B). बंगाल के विभाजन C). मार्ले-मिंटो सुधार D). रोलेट एक्ट

**Correct Answer: B**

**Q.22** तुंगा (Tunga) और भद्रा (Bhadra) किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?

**Ans** A). नर्मदा B). गोदावरी C). कृष्णा D). ताप्ती

**Correct Answer: C**

**Q.23** प्रसिद्ध संस्कृत व्याकरण पुस्तक 'महाभाष्य (Mahabhasya)' _________ द्वारा लिखी गई थी?

**Ans** A). वेदव्यास B). पाणिनी C). भरतमुनि D). पतंजलि

**Correct Answer: D**

**Q.24** अरस्तू द्वारा जंतुओं को वर्गीकृत करने के लिए निम्नलिखित में से किस विशेषता का उपयोग किया गया था?

**Ans** A). शरीर की कोशिकाओं के प्रकार (Types of body cells) B). प्राकृतिक वास (Habitat) C). प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis) D). विशिष्ट अंग (Specialised organs)

**Correct Answer: B**

**Q.25** निम्नलिखित में से किसने 1963 में मद्रास में अपनी कुचिपुड़ी कला अकादमी की स्थापना की?

**Ans** A). राजा रेड्डी (Raja Reddy) B). वेम्पति चिन्ना सत्यम् (Vempati Chinna Satyam) C). लक्ष्मी नारायण शास्त्री (Lakshmi Narayan Shastri) D). कमलाकर कामेश्वर राव (Kamalakar Kameshwar Rao)

**Correct Answer: B**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate option to fill in the blank.
The croissant was _________, as was the coffee.

**Ans** A). inferior B). eloquent C). excellent D). ambitious

**Correct Answer: C**

**Q.2** Select the most appropriate ANTONYM that can substitute the underlined segment in the given sentence.

Amit, the stand-up comedian, delivered a <u>hilarious</u> performance.

**Ans** A). pertinent B). serious C). ideological D). spleen

**Correct Answer: B**

**Q.3** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

The train is running / late by six hours / so it / cannot make over the time.

**Ans** A). The train is running B). so it C). cannot make over the time D). late by six hours

**Correct Answer: C**

**Q.4** Select the grammatically correct sentence from the given options..

**Ans** A). A lot of books and notes placed in order look fascinating. B). A lot of books and notes place in order look most fascinating. C). A lot of books and notes placed on order looks most fascinating. D). A lot of book and notes placed in order looks most fascinating.

**Correct Answer: A**

**Q.5** Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

The scientific study of the structure and form of animals and plants

**Ans** A). Botany B). Zoology C). Morphology D). Biology

**Correct Answer: C**

**Q.6** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans** A). Regulator B). Machenical C). Annual D). Technical

**Correct Answer: B**

**Q.7** Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.

We <u>talked over</u> the matter for two hours; unfortunately, we could not reach a decision.

**Ans** A). Argued B). Debated C). Quarrelled D). Discussed

**Correct Answer: D**

**Q.8** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined segment in the given sentence.**

**It's important to bring up <u>sensitive</u> topics in a respectful manner.**

**Ans** A). Drowsy B). Considerate C). Strong D). Cordial **Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Like a dying duck in a thunderstorm**

**Ans** A). Dejected or hopeless B). Fearful or scared of water C). Bad swimmer or practitioner D). Harmful or vigilant **Correct Answer: A**

**Q.10** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**Gold is <u>much</u> costly than any other metal.**

**Ans** A). most B). many C). more D). most costlier **Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the most appropriate ANTONYM that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**High-altitude climbing poses <u>significant</u> risks due to factors like altitude sickness, hypothermia and extreme weather conditions.**

**Ans** A). inconsequential B). magnificent C). tempestuous D). plentiful **Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error.**
**The <u>beutiful</u> flowers bloomed in the garden.**

**Ans** A). beautifuul B). beautifull C). beautiful D). beiutiful **Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**She ______ the book to her friend.**

**Ans** A). lent B). leant C). lend D). laned **Correct Answer: A**

**Q.14** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**Jack always looks handsome, even if he is a __________ out of style.**

**Ans** A). least B). less C). more little D). little **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Idle**

**Ans** A). Unsafe B). Uneasy C). Ungrateful D). Unoccupied **Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The writer's __________ prose resonated with readers, evoking powerful emotions.**

**Ans** A). banal B). mundane C). sporadic D). eloquent **Correct Answer: D**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Doves _________ in the sky above me.**

**Ans** A). shore B). sour C). sore D). soar **Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate adjective to fill in the blank.**

**The orator declared that the women are __________ than the men.**

**Ans** A). intelligent B). more intelligent C). most intelligent D). intelligenter **Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The teacher emphasised the importance of ___________ correct grammar and punctuation in our writing.**

**Ans** A). using B). used C). uses D). use **Correct Answer: A**

**Q.20 Select the grammatically correct sentence from the given options.**

**Ans** A). The Nile is the long river in the world with a length about approximately 6650 km.

B). The Nile is the most long river in the world of a length of approximately 6650 km.

C). The Nile is the longest river in the world with a length about approximately 6650 km.

D). The Nile is the longest river in the world with a length of approximately 6650 km.

**Correct Answer: D**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

It is true that strangers meeting for the first time seem to feel ____1____ if they do not engage _____ 2_____ small talk. Usually, this is ______3______ and even necessary if strangers are to size each other up. But, this small talk aside, what are some _____4______ rules for general conversation?
In the first place, certain _____5_____ should be taboo. Kitchen topics, bus time-tables and other dull or specialised things should be barred from general discussion.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). uncomfortable B). comforts C). discomforts D). comforting

**Correct Answer: A**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

It is true that strangers meeting for the first time seem to feel ____1____ if they do not engage _____ 2_____ small talk. Usually, this is ______3______ and even necessary if strangers are to size each other up. But, this small talk aside, what are some _____4______ rules for general conversation?
In the first place, certain _____5_____ should be taboo. Kitchen topics, bus time-tables and other dull or specialised things should be barred from general discussion.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). in B). by C). on D). from

**Correct Answer: A**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

It is true that strangers meeting for the first time seem to feel ____1____ if they do not engage _____ 2_____ small talk. Usually, this is ______3______ and even necessary if strangers are to size each other up. But, this small talk aside, what are some _____4______ rules for general conversation?
In the first place, certain _____5_____ should be taboo. Kitchen topics, bus time-tables and other dull or specialised things should be barred from general discussion.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). remedy B). harmless C). comedy D). happy

**Correct Answer: B**

---

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

It is true that strangers meeting for the first time seem to feel ____1____ if they do not engage _____ 2_____ small talk. Usually, this is ______3______ and even necessary if strangers are to size each other up. But, this small talk aside, what are some _____4______ rules for general conversation?
In the first place, certain _____5_____ should be taboo. Kitchen topics, bus time-tables and other dull or specialised things should be barred from general discussion.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). alimentary B). elementary C). illuminative D). eliminating

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

It is true that strangers meeting for the first time seem to feel _____1_____ if they do not engage ______ 2______ small talk. Usually, this is _______3_______ and even necessary if strangers are to size each other up. But, this small talk aside, what are some ______4_______ rules for general conversation?
In the first place, certain ______5______ should be taboo. Kitchen topics, bus time-tables and other dull or specialised things should be barred from general discussion.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). books B). objects C). essays D). subjects

**Correct Answer: D**